कार्यालय वास्तुविद नियोजक एवं विशेषकार्याधिकारी

# उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

वास्तुकला एवं नियोजन इकाई–प्रथम,
वसुन्धरा काम्पलैक्स, सेक्टर–16, वसुन्धरा गाजियाबाद।
दूरभाष : 0120–2885632 :

संख्या 914 / सिद्धार्थ विहार / गंगा, यमुना हिण्डन एन्क्लेव — दिनांक: 22-11-2012

सेवा में,

अधीक्षण अभियन्ता–सप्तम वृत्त,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
वसुन्धरा काम्पलैक्स सेक्टर–16ए,
वसुन्धरा गाजियाबाद।

विषय: सिद्धार्थ विहार योजना गाजियाबाद में प्रस्तावित गंगा, यमुना एवं हिण्डन एन्क्लेव हेतु आवास आयुक्त (म0)द्वारा अनुमोदित पुनरीक्षित ले आउट प्लान की प्रति उपलब्ध कराने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सिद्धार्थ विहार योजना गाजियाबाद में प्रस्तावित बहुमंजिले आवासीय भवनों यथा– गंगा, यमुना एवं हिण्डन एन्क्लेव हेतु पूर्व स्वीकृत ले आउट प्लान में दर्शाये गये बेसमेन्ट के क्षेत्रफल को योजना की स्वीकृतिमें निर्धारित क्षेत्रफल के अर्न्तगत ही समायोजित करते हुए पार्किंग का प्राविधान किये जाने हेतु आवास आयुक्त (म0) के कक्ष में आपकी उपस्थिति में हुए विचार विमर्श उपरान्त तद्नुसार ले आउट प्लान को संशोधित करते हुए वर्तमान में 01 बेसमेन्ट का क्षेत्रफल 39851.00 व0मी0 प्रस्तावित है जबगकि स्वीकृत योजना में क्षेत्रफल 44463.048 व0मी0 प्राविधानित था जिसके कारण में योजना की लागत में बचत संभावित है। जिसके अनुक्रम में आवास आयुक्त महोदय द्वारा वर्तमान में संशोधित ले आउट प्लान तद्नुसार अनुमोदित करते हुए पूर्व स्वीकृत ले आउट प्लान दिनांक 14.8.2012 को एतद्द्वारा निरस्त किये जाने के निर्देश पारित किये हैं।

अतः उपरोक्तानुसार वर्तमान में संशोधित ले आउट प्लान जो आवास आयुक्त महोदय द्वारा दि0 12.11.2012 को अनुमोदित किये गये हैं कि दो–दो प्रतियाँ आपको सूचनार्थ एवं इस अनुरोध सहित संलग्न प्रेषित हैं कि इसकी एक प्रति सम्बंधित खण्ड कार्यालय को अपने स्तर से निर्गत कराना चाहें। उल्लेखनीय है कि आवास आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक 14.8.2012 को अनुमोदित ले आउट प्लान जो इस कार्यालय के पत्रांक 574 दिनांक 16.8.2012 द्वारा खण्ड/वृत्त कार्यालय को प्रेषित हैं को निरस्त माना जायेगा। कृपया तद्नुसार सूचनार्थ एवं आगे कार्यवाही हेतु।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

(एस0 जे0 यादव)
वास्तुविद नियोजक

पृ0सं0 / उक्त तददिनांक
प्रतिलिपि ... संकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
... गाजियाबाद। ... गाजियाबाद।

वास्तुविद नियोजक